1630. कौन सा युग्म सही नहीं है?

नगर	**उड्डयन केन्द्र**
(a) जयपुर	सांगानेर हवाई अड्डा
(b) उदयपुर	डबोक हवाई अड्डा
(c) कोटा	कोटा हवाई अड्डा
(d) जोधपुर	पालम हवाई अड्डा

कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिक डीजल इंजन)-2018

Ans. (d) सही सुमेलन निम्न प्रकार से

नगर		**उड्डयन केन्द्र**
जयपुर	-	सांगानेरहवाई अड्डा
उदयपुर	-	डबोक हवाई अड्डा
कोटा	-	कोटा हवाई अड्डा
जोधपुर	-	राटानाडा हवाई अड्डा
नई दिल्ली	-	पालम हवाई अड्डा/ इंदिरा गांधी अंतर-राष्ट्रीय हवाई अड्डा

1631. कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

हवाई अड्डा		**शहर**
(a) महाराणा प्रताप हवाई अड्डा	-	उदयपुर
(b) नाल हवाई अड्डा	-	बीकानेर
(c) सूरतगढ़ हवाई अड्डा	-	जोधपुर
(d) कोटा हवाई अड्डा	-	कोटा

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) (डिप्लोमाधारक)-2020

Ans. (c) सही सुमेलन निम्न प्रकार है–

हवाई अड्डा		**शहर**
महाराणा प्रताप हवाई अड्डा	–	उदयपुर
नाल हवाई अड्डा	–	बीकानेर
सूरतगढ़ हवाई अड्डा	–	गंगानगर
कोटा हवाई अड्डा	–	कोटा

1632. थार एक्सप्रेस मुनाबाव से .... के मध्य चलती हैं।

(a) अट्टारी (b) खोखरापार
(c) करतारपुर (d) कराची

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (विष)-2019

Ans. (b) थार एक्सप्रेस ट्रेन भारत एवं पाकिस्तान के बीच फरवरी 2006 से चलायी गई। तथा यह ट्रेन जोधपुर के भारत-पाक सीमा के 'मुनाबाव' होते हुए पाकिस्तान के खोखरापार तक चलती थी। परन्तु भारत-पाक के बीच तनाव के कारण वर्ष 2019 में बंद कर दी गयी।

1633. निम्नलिखित में से राजस्थान के किस जिले में रेलवे की सुविधा नहीं है?

(a) सिरोही (b) राजसमंद
(c) बांसवाड़ा (d) हनुमानगढ़

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (प्रलेख)-2019

Ans. (c) राजस्थान राज्य का बांसवाड़ा जनपद रेलवे सुविधा से वंचित है। रेल मंत्रालय ने डूंगरपुर बांसवाड़ा और रतलाम स्टेशनों को जोड़ने के लिए एक रेलवे लाइन स्थापित करने की मंजूरी वर्ष 2011 में दे दी थी। रतलाम और डूंगरपुर के बीच की कुल दूरी 191.74 किमी है, बांसवाड़ा इन दो स्टेशनों के मध्य में स्थित है और इनके माध्यम से जुड़ा हुआ है।

1634. राजस्थान राज्य की उत्तर से दक्षिण लंबाई कितने किलोमीटर है?

(a) 826 (b) 869
(c) 896 (d) 862

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (प्रलेख)-2019

Ans. (a) राजस्थान राज्य की उत्तर-दक्षिण लंबाई 826 किलोमीटर है तथा पूर्व से पश्चिम 869 किलोमीटर है। राज्य का कुल क्षेत्रफल 342239 वर्ग किलोमीटर है। राज्य में कुल 33 जिले हैं।

1635. राजस्थान के प्रथम रेलमार्ग को निम्नलिखित में से किस वर्ष खोला गया था?

(a) 1873 (b) 1853
(c) 1893 (d) 1899

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (अस्त्रक्षेप) भर्ती परीक्षा-2019
Investigator Exam. 21-8-2016

Ans. (a) राजस्थान में सबसे पहला रेलमार्ग जयपुर रियासत के बांदीकुई से आगरा फोर्ट के मध्य 21 अप्रैल 1874 में आरम्भ हुआ था। इसके 5 महीने बाद अलवर से दिल्ली रेल मार्ग को शुरु किया गया। विकल्प में 1873 दिया गया जो सबसे करीब का है। अतः उत्तर (a) होगा।

1636. निम्नलिखित में से कौनसा राष्ट्रीय राजमार्ग जयपुर, टोंक, बूंदी कोटा एवं झालावाड़ से होकर गुजरता है?

(a) NH-12 (b) NH-14
(c) NH-15 (d) NH-65

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (सीरम)-2019

Ans. (a) राष्ट्रीय राजमार्ग 12 (जबलपुर से जयपुर नया नाम NH-52) राजस्थान के जयपुर, टोंक, बूँदी, कोटा, झालावाड़ जिले से होकर गुजरता है। राजस्थान में इस राजमार्ग की लम्बाई 706 किमी. है। NH-14 ब्यावर से राधनपुर, NH-15 पठानकोट से समख्याली एवं NH 65– अम्बाला से पाली।

1637. राजस्थान का सबसे छोटा राष्ट्रीय राजमार्ग निम्न में से किस स्थान को नहीं जोड़ता?

(a) रेवाड़ी (b) अलवर
(c) धारुहेड़ा (d) मानेसर

कनिष्ठ अनुदेशक (वेल्डर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (d) राष्ट्रीय राजमार्ग 919 (पुराना 71बी) राजस्थान से गुजरने वाला सबसे छोटा राष्ट्रीय राजमार्ग है। राजस्थान में इसकी कुल लम्बाई 5 किमी. है। यह हरियाणा में पलवल-रेवाड़ी को राजस्थान के धारूहेड़ा और सोहना से जोड़ता है। यह राजस्थान के अलवर से गुजरता है। मानेसर इस राजमार्ग से सम्बन्धित नहीं है।

1638. सिरोही-उदयपुर-चित्तौड़गढ़ -कोटा बारां राष्ट्रीय राजमार्ग का नया नम्बर क्या है?

(a) N.H.-21 (b) N.H.-27
(c) N.H.-62 (d) N.H.-76

कनिष्ठ अनुदेशक (फिटर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) सिरोही, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, कोटा, बूंदी, भीलवाड़ा एवं बारां से गुजरने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग का नया नम्बर 27 है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग पूर्व-पश्चिम कारिडोर का हिस्सा है। यह राजमार्ग राजस्थान के 7 जिलों से गुजरता है। राजस्थान में इसकी लम्बाई 640 किमी. है।

1639. दिल्ली-जयपुर-चित्तौड़गढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग का नया नम्बर क्या है?